लोक सभा अध्यक्ष ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 17 **अगस्त**, **2014:** लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं । अपने संदेश में उन्होंने कहा है: मैं जन्माष्टमी के शुभ और मंगलमय अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभ कामनाएं देती हूं। भगवान श्री कृष्ण सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता का उत्तम उदाहरण हैं। वे अपने गोप बांधवों के साथ रहते थे। उनके सुख-दुख के साझीदार रहे हैं। गोवर्धन पर्वत को भले ही कृष्ण ने अपने आप उठाया हो, लेकिन इस भार को उठाने में उनके साथियों की भी सहभागिता थी। कृष्ण से हमें सबको साथ लेकर चलने का संदेश मिलता है।

कलाकारों के लिए वे सांस्कृतिक मूल्यों का जतन करने वाले व्यक्तिव हैं। वे अन्याय के ख़िलाफ़ एक नेतृत्व हैं। सत्य के जीत के लिए उनका एक रूप कुशल राजनीतिज्ञ का है। आज हम केवल भगवान कृष्ण का जन्मदिन ही न मनाएं, अपनी क्षमताओं के अनुसार उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करें, अनुकरण करें और अपने जीवन में इन बातों को आत्मसात करें।"